हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 16 जून 2025

तापमान

अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

मतदाताओं ने भीषण गर्मी में भी दिखाया उत्साह 12



आईटीआई में दाखिले को लेकर युवाओं में उत्साह 12



## खबर संक्षेप

### अंबाला में हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र के टांगरी पुल के पास से अवैध नशा बेचने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी जतिन को 20 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। 14 जून 2025 को सीआईए-2 सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह महेशनगर क्षेत्र टांगरी बंधे के पास तथा टांगरी नदी के अंदर घूम फिरकर नशीला पदार्थ बेच रहा है। पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया।

### मुलानाः मोटरसाइकिल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी प्रिंस को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी प्रिंस के पास बिना नंबर प्लेट के चोरी की मोटरसाइकिल है जिसे वह बेचने की फिराक में है। वह मोटरसाइकिल बेचने के लिए दोसडका से बराड़ा की तरफ आएगा। दोसडका पुल के नीचे नाकाबंदी कर पुलिस ने आरोपी को चोरीशुदा मोटरसाइकिल के साथ काबू कर लिया।

### पानीपतः जाटल रोड के पास कार नहर में गिरी

**पानीपत।** पानीपत में जाटल रोड के पास कार, दिल्ली पेरलल नहर में गिर गई। वहीं राहगिरों ने हिम्मत का परिचय देते हुए कार सवार सुनील निवासी गांव इसराना को बाहर निकाल लिया। जबकि पानी में गिरे रहने के कारण सुनील की हालत बिगड गई। सुनील को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दूसरी ओर पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकलवाया।

### बिजली के करंट में झुलसा मिस्त्री

**पानीपत।** पानीपत शहर की न्यू आरके पुरम कॉलोनी के निर्माणाधीन मकान में काम करते वक्त शटरिंग मिस्त्री विकास कुमार निवासी समस्तीपुर बिहार हाल निवासी जाटल रोड को मकान के बाहर से गुजर रही हाइवोल्टेज तारों की चपेट में आने से झुलस गया। विकास, रोहतक पीजीआई में उपचाराधीन है। इधर, विकास के साथी मोहम्मद दिलदार की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मकान मालिक बुधप्रकश, ठेकेदार अर्जुन व मालिक के दोस्त रोनक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिलदार का आरोप है कि आरोपियों के कारण विकास करंट लगने से झुलसा है।

### मंदिर में फंदा लगा कर युवक ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव आदियाना में 40 वर्षीय युवक कृष्ण ने मंदिर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर, ग्रामीणों की सूचना पर थाना मतलौडा पुलिस व एफएसएल की टीम ने शव व घटनास्थल जांचा और पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, मृतक के भाई सूरज ने बताया कि तीन साल पहले कृष्ण को उसकी पत्नी छोड़कर जा चुकी है। कृष्ण के एक पुत्र है।

### अवैध खनन करने वालों पर जुर्माना किया

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि अवैध खनन का कार्य करने वालों के खिलाफ पूरी सख्ती बरती जा रही है। जहां पर भी अवैध खनन की संभावनाएं नजर आती है तुरंत कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग और खनन विभाग की टीम पहुंच जाती है व आवश्यक कार्रवाई करती है। जिला खनन अधिकारी निरंजन ने बताया कि राणा माजरा गांव के पास अवैध रूप से खनन करने वाले के खिलाफ 2 लाख 15 हजार का जुर्माना किया गया है व ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है।

पानीपत में बोले प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज

## हरियाणा को एसवाईएल का पानी दे पंजाब



■ कांग्रेस द्वारा नया संगठन बनाने पर हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने ली चुटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार से एसवाईएल के पानी की मांग करते हुए कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया हुआ है कि हरियाणा को इसका पानी दिया जाना चाहिए, फिर हमारा एसवाईएल का पानी पंजाब सरकार क्यों रोक रही है। अनिल विज ने कहा कि हरियाणा के खेत प्यासे हैं, जबकि हरियाणा के हिस्से का पानी बहाकर पाकिस्तान भेजा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की आप सरकार पानी को लेकर राजनीति कर रही है, लेकिन राजनीति भी तय सीमा में ही रहनी चाहिए। विज, शनिवार को पानीपत में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। अनिल विज ने साथ ही बताया कि पाकिस्तान के साथ किया हुआ सिंधु जल समझौता समाप्त किया जा चुका है, ताकि हरियाणा के खेतों तक अधिक पानी पहुंचे, लेकिन आप सरकार इसका पानी पाकिस्तान की तरफ बहने दे रही है। कांग्रेस द्वारा नया संगठन बनाने पर हरियाणा मंत्री अनिल विज ने चुटकी लेते हुए किया कि मैं इससे खुश हूं। वहीं, लोकतंत्र पक्ष और विपक्ष दोनों से ही चलता है, इसलिए एक स्वास्थ्य लोकतंत्र के लिए विपक्ष का होना जरूरी है। विज ने दावा किया है हरियाणा में बिजली की कमी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में एक थर्मल यूनिट का शिलान्यास किया है। जबकि हिसार व पानीपत में नई थर्मल की यूनिटों को स्थापित किया जाएगा, न्यूक्लियर पावर प्लांट भी स्थापित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली निगम के अधीक्षक अभियंताओं को बिजली आपूर्ति के संबंध में रिपोर्ट रोजाना ऊर्जा मंत्री को भेजी जाए इसे लेकर ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए हैं।

## कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग मैराथन



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग मैराथन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरी झंडी दिखाई और मुख्यमंत्री ने खुद धावकों पर पुष्प वर्षा की। इस राज्य स्तरीय योग मैराथन के लिए 10 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया था। इस योग मैराथन में हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर नशा के खिलाफ चल रहे यज्ञ में आहुति डालने का काम किया है। इस मैराथन ने योग, खेल, संस्कृति और पर्यावरण चेतना को नई उंचाई दी है।

कुरुक्षेत्र में बोले-हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा

## राष्ट्रीय पदक विजेताओं व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को मिलेगा 20 लाख रुपये का मेडिकल कवरेज

■ पॉलिसी तैयार हो चुकी, मुख्यमंत्री सैनी जल्द ही घोषणा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 20 लाख रुपये तक का मेडिकल कवरेज दिया जाएगा। ये पॉलिसी तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। ताकि खिलाड़ियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति में आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े और वे बिना किसी अनिश्चितता के भय से मुक्त होकर अपना पूरा ध्यान अपने खेल पर केंद्रित कर सके। हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा रविवार को योग मैराथन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में खेल नर्सरियों की संख्या 1500 से बढ़ाकर 2000 कर दी है। सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से आवासीय अकादमी के खिलाड़ियों की डाइट मनी 400 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए खेलो हरियाणा ऐप लांच की जाएगी। इसके जरिए वे अपनी खेल प्रयोजन व प्रदर्शन संबंधी तथा अन्य पहलुओं को डिजिटल तरीके से प्रबंधित कर पांएगें। हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि ओलम्पिक स्तर पर पदक विजेता कोई भी खिलाड़ी यदि अपने गृह जिले में खेल अकादमी खोलना चाहे तो उसे हरियाणा सरकार द्वारा सस्ती दरों पर 5 करोड़ रुपये तक का लोन बैंकों के माध्यम से दिलवाया जाएगा, जिसके ब्याज पर दो प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 में वॉलीबॉल, फुटबाल, बास्केटबाल, हैण्डबॉल, मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो व क्रिकेट के साथ-साथ भारोत्तोलन और योग को भी शामिल किया गया है। इस योजना के तहत इन खेलों के उपकरण नगर निकायों और पंचायतों के माध्यम से आवंटित किए जाने का प्रावधान है।





कुरुक्षेत्र। अफसरों को संबोधित करते हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा।

### मिशन ओलम्पिक 2036 विजयी भवः योजना लाकर 36 मेडल का रखा लक्ष्य

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों के कम से कम 36 मैडल लाने के लक्ष्य से मिशन ओलम्पिक 2036 विजयी भवः योजना का आरम्भ किया जा रहा है। इसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब ङ्मषसह सैनी के नेतृत्व में अखाड़ों को बेहतर बनाने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष 3 सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख, 30 लाख और 20 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर 3 सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 15 लाख, 10 लाख और 5 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

### 10 किमी में नए गांवों व कस्बों में बनाए जाएंगे नए स्टेडियम

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि राज्य के हर इलाके में खेल सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के सभी सरकारी खेल स्टेडियमों की जीआईएस मैपिंग करवाई गई है। जहां 10 किलोमीटर तक कोई सरकारी खेल स्टेडियम उपलब्ध नहीं है, ऐसे गांवों और कस्बों में नए स्टेडियम उपलब्ध करवाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य के 5 विश्वविद्यालयों, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, रेवाड़ी में नए खेल उत्कृष्टता केन्द्र खोले जाएंगें।

### 24 खिलाड़ियों को अलग अलग वर्ग में दी नौकरियां

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि 2025-26 बजट में खेलों के लिए कुल बजट 589.69 करोड़ रुपये रखा है। वर्ष 2014 से अब तक 224 खिलाडियों को अलग-अलग वर्ग में नौकरियां वितरित की गई हैं, इनमें वर्ग-ए की 20, वर्ग-बी की 41 और वर्ग-सी में 163 नौकरियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नकद पुरस्कार योजना के तहत वर्ष 2014 से अब तक 599.43 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 104 पदक जीतकर प्रदेश देशभर में प्रथम रहा

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने बताया कि 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 117 पदक जीते हैं, इनमें 39 स्वर्ण पदक, 27 रजत पदक और 51 कांस्य पदक शामिल हैं। इसी तरह दूसरे खेलो इंडिया पैरा गम्स में 174 खिलाड़ियों ने 104 पदक जीतकर देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है, इनमें 34 स्वर्ण पदक, 39 रजत पदक और 31 कांस्य पदक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की खेल नीतियों में कैश अवार्ड फॉर एनकॉरेजमेंट ऑफ स्पोर्टस पर्सन स्कीम 2024-25, एनकरेजमेंट टू माउंटेनियर्स नीति 2021, खेल नर्सरी योजना और आवासीय खेल अकादमी योजना को शामिल किया गया है।

## मां ने दस हजार उठाने से रोका तो नशाखोर बेटे ने बेरहमी से की पिटाई, केस



■ थापी से किए कई वार

■ जख्मी हालत में निजी अस्पताल में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

यहां कृष्णा कॉलोनी में एक मां को उस समय अपने बेटे को घर से 10 हजार रुपये उठाते समय रोकना महंगा पड़ गया। तैश में आए कलयुगी बेटे ने मां की जमकर पिटाई कर दी। मां को घसीटकर कमरे में ले गया। फिर थापी यानी लकड़ी से टुकड़े से पूरे शरीर पर वार किए। इसकी वजह से महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। आरोपी बेटे के खिलाफ महिला ने पुलिस को थाने में शिकायत दी है। महिला का आरोप है कि शिकायत के बाद भी उसे बुरी तरह से पीटा गया। तेजधार हथियार से सिर पर वार कर लहूलुहान किया गया। मौके पर पहुंचे दूसरे बेटे ने मां को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया।

### यह मामला 12 जून का

महिला ने अपने पति पर भी बेटे के साथ मिलने के आरोप लगाए। यह मामला 12 जून का है लेकिन पुलिस ने अब आरोपी बेटे हुसैन व पति संजीव खान पर मामला दर्ज कर लिया। यह कार्रवाई बीएनएस की धारा 351-2 धमकी देने व 115 जानबूझकर चोट पहुंचाने आदि धाराओं के तहत की गई। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पास दो लड़के हैं। आरोपी बेटा नशे का आदी है। 12 जून की रात को 10 हजार रुपये की राशि घर से उठाते हुए रोक दिया था। तभी बेटा उसे हाथ से पकड़कर कमरे में ले गया और बहुत मारा। वह डर के मारे मायके में रह रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## हेरोइन के साथ नशातस्कर पकड़ा

यमुनानगर । हजारों रुपये की हेरोइन के साथ पुलिस ने एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 68 हजार रुपये कीमत की 17 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरु कर दी। बुड़यिा थाना का एसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि वह पुलिस के अन्य कर्मचारियों के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि पश्चिमी यमुना नहर पटरी पर पंचपीर रकबा के नजदीक एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान मोबिन उर्फ बाजा के रूप में हुई। एसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि हेरोइन की कीमत बाजार में करीब 68 हजार है।

## करनालः रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**करनाल।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है।

इसी कड़ी में गत दिवस खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एसआई मोहन लाल, एएसआई राजेंद्र, माइनिंग गार्ड संजीव कुमार व रोहतास द्वारा चैकिंग के दौरान इंद्री के पास 6 मीट्रिक टन रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा गया। चालक राजेंद्र पुत्र बचना सिंह निवासी गांव चंद्राह के पास ट्रैक्टर-ट्राली में भरे रेत का बिल नहीं पाया गया। इसी कारण वाहन को जब्त कर एनफोर्समेंट ब्यूरो के थाने में पहुंचाया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि राजेंद्र पर 2 लाख 15 हजार का जुर्माना लगाया गया है। एक महीने में जुर्माना अदा न करने पर वाहन जब्त कर लिया जाएगा।



■ दो लाख से अधिक जुर्माना

## यमुनानगर में दो बदमाशों ने श्रमिक से मारपीट कर पर्स व मोबाइल लूटा

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने श्रमिक से मारपीट कर मोबाइल व पर्स लूट लिया। पर्स में 1200 रुपये व अन्य दस्तावेज थे। छोटी लाइन निवासी हिमांशु ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के नगरीया गांव का रहने वाला है। वह मानकपुर स्थित एल्युमिनियम फैक्ट्री में नौकरी करता है। रोज की तरह वह रात को वह फैक्ट्री काम करने आया था। सुबह साढ़े दस बजे फैक्ट्री से छुट्टी कर घर लौट रहा था। जब वह मानकपुर गांव के पास पहुंची तभी पीछे से बाइक पर दो बदमाश आए और उसे रोक लिया। उसके साथ मारपीट करते हुए बदमाशों ने उससे पर्स व मोबाइल छीन लिया। उसने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। मगर आरोपी भागने में कामयाब हो गए। सदर जगाधरी थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज किया है।

मांग | भारतीय किसान संघ के सदस्यों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को सौंपा ज्ञापन

## किसानों के गन्ने का जल्द दिलवाया जाएगा बकाया भुगतान

■ अधिकांश किसान कर्ज उठाकर आगामी फसलों को तैयार करने में लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान संघ का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से रादौर स्थित उनके निवास स्थान पर मिला।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपकर गन्ना किसानों का शुगर मिलों के पास पड़ा करोड़ों रुपये का गन्ने का भुगतान करवाए जाने की मांग की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाकिसं के प्रतिनिधिमंडल को उनके गन्ने का जल्द भुगतान करवाए जाने का आश्वासन दिया।

रविवार सुबह भारतीय किसान संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में रादौर स्थित कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के निवास स्थान पर पहुंचा। इस दौरान उन्होंने कृषि मंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश के शुगर मिलों के पास गन्ना किसानों का लगभग 22 करोड़ रूपया बकाया पड़ा है। जिसमें यमुनानगर शुगर मिल के पास भी गन्ना किसानों का गन्ने का बकाया भुगतान पड़ा हुआ है। जिसके कारण गन्ना किसान भुगतान नहीं होने से आगामी फसलों की पैदावार करने के लिए तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। अधिकांश किसान कर्ज उठाकर अपनी आगामी फसलों को तैयार करने में लगे हैं। मगर शुगर मिल उनके गन्ने का भुगतान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कृषि मंत्री से उनके गन्ने का भुगतान तुरंत करवाए जाने की मांग की। मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल को एक सप्ताह के भीतर उनके गन्ने का भुगतान करवाए जाने का आश्वासन दिया।



यमुनानगर। रादौर में रविवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को मांगपत्र सौंपते भाकिसं के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### उच्चाधिकारियों से फोन पर बातचीत की

इस दौरान कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने चंडीगढ़ में बैठे विभागीय उच्चाधिकारियों से फोन पर बातचीत की और उन्हें किसानों के गन्ने का भुगतान तुरंत करने के आदेश दिए। इस अवसर पर प्रताप सिंह खजूरी, सुशील राणा, राजकुमार, ओम प्रकाश व गोपाल राणा मौजूद रहे।

## करनाल में वारदातें: जज के घर में भी घुस गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर में एक के बाद एक चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं। आईटीआई चौक के समीप ऑफिसर्स कॉलोनी में जेएमआईसी अनमोल कक्कड़ के घर में दो चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय जज घर पर नहीं थे, लेकिन उन्होंने सीसीटीवी कैमरे से चोरों को घर में देख लिया और तुरंत अपने रीडर को सूचना दी। रीडर सुरेश आर्य मौके पर पहुंचे तो चोर उसे देखकर पिछली दीवार फांद कर भाग गए। बाद में जांच में पाया गया कि चोर घर से 1500 रुपये नकद और करीब 2500 रुपये की आर्टिफिशियल ज्वैलरी लेकर फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

### यूं पड़ी चोरों पर जज की नजर

जज अनमोल कक्कड़ ने राजपुरा (पंजाब) स्थित अपने घर से सीसीटीवी कैमरे के जरिए देखा कि करनाल स्थित उनके सरकारी आवास (कोठी नंबर 57, ऑफिसर्स कॉलोनी) में दो चोर दाखिल हो गए हैं। उन्होंने तुरंत रीडर सुरेश आर्य को सूचना दी। रीडर जब मौके पर पहुंचा तो देखा कि मेन गेट बंद था, लेकिन अंदर दो युवक दीवार कूदकर भागते नजर आए। घर के तीनों कमरों की अलमारियां खुली मिलीं और सामान बिखरा पड़ा था।

### अन्य जगहों पर भी सक्रिय

#### असंध में चाय की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

असंध के सालवन रोड पर स्थित चाय की दुकान से चोर गैस सिलेंडर, चार पेटी कोल्ड ड्रिंक और 7300 रुपये नकदी चुराकर फरार हो गए। दुकान मालिक गुरनाम सिंह ने बताया कि वह रात को ताला लगाकर गया था, सुबह दुकान टूटी मिली।

#### बाइक को ले उड़े चोर

विकास कॉलोनी निवासी नमन ने बताया कि 10 जून को एसडी मॉडल स्कूल के पास बाइक खड़ी कर वह ग्रुप लोन की किश्त भरने गया था। लौटने पर देखा कि बाइक गायब थी। बाइक में चाबी भी लगी रह गई थी।

#### 40 हजार रुपये चोरी

निर्मल पब्लिक स्कूल में कार्यरत सूरज ने बताया कि उसने अपनी सैलरी से जोड़कर 40 हजार रुपये जमा किए थे, जिन्हें घर में रखकर वह काम पर चला गया। शाम को लौटने पर देखा कि घर से पैसे चोरी हो गए हैं।

#### पेंट फैक्टरी में वारदात

सेक्टर-4 निवासी आदर्श चौहान ने बताया कि मेरठ रोड स्थित उनकी पेंट फैक्टरी 'आरपी पेंट इंडिया' में शुक्रवार और शनिवार की रात चोरी हुई। चोर फैक्टरी से 400 लीटर पेंट और पानी की मोटर चोरी कर ले गए। उनके मुताबिक इलाके में नशेड़ी युवकों की आवाजाही रहती है, पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

# गरीबों व किसानों के लिए हरियाणा सरकार की योजनाएं वरदानः राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव संधाली, मॉडल टाऊन करहेड़ा, बहादुरपुर, पांसरा व कलानौर में केंद्र सरकार के सेवा सुशासन और विकास के 11 साल होने पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने मौके पर लोगों की समस्याएं सुनी और उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया। ग्रामीणों ने कृषि मंत्री का स्वागत किया।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सरकारी नौकरियों में मिल रहा है। महिलाओं को पहली बार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक कानून ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 6 हजार रुपये की राशि उनके खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि आज हर क्षेत्र में भारत की महिलाओं का सम्मान किया जा रहा है चाहे वह सरस्वती वंदना हो या लक्ष्मी पूजा हो में भी महिला का सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भी महिलाओं के योगदान से सफल हुआ। खेलों इंडिया में हरियाणा सरकार का उद्देश्य हर गांव में स्टेडियम बनवाना और खेलकूद का सामान पहुंचाकर खेलों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि हर जिला में मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। सरकारी नौकरियों में बिना खर्ची बिना पर्ची के लोगों को नौकरियां मिली हैं। भाजपा ने अपने 11 साल में यह सभी कार्य करवाए हैं।

*कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर विस क्षेत्र के आधा दर्जन गांव में आयोजित कार्यक्रमों में लिया भाग*



यमुनानगर। संधाली में ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने पर मिली राहत

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि धारा 370 जम्मू कश्मीर से हटने से देश के नागरिकों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दे रही है। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आदेश राणा, संयोजक अर्जुन पंडित, संदीप राणा, हरपाल, सरपंच मॉडल टाऊन करहेड़ा पूजा व सरपंच बहादुरपुर सुनील कुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रंजिश में व्यक्ति पर गंडासी से हमला, घायल

**यमुनानगर।** गांव अर्जुन माजरा में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने गांव के ही संजय कुमार पर गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव अर्जुन माजरा निवासी संजय कुमार ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही रामकुमार व सुभाष कुमार के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। संजय कुमार ने बताया कि वह एक दिन गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान रामकुमार व सुभाष ने अपने साथी संदीप व रेखा देवी के साथ मिलकर उस पर गंडासी व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### छत से घर में घुस कर चोरों ने चुराई सोने की चेन

**यमुनानगर।** शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अशोक मल्होत्रा के घर में छत के रास्ते से घुसे चोर अलमारी से सोने की चेन चोरी कर फरार हो गए। यह चेन अशोक ने अपनी बेटी की शादी के लिए बनवाई थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कालोनी निवासी अशोक मल्होत्रा ने बताया कि उसकी दूध की डेयरी है। 12 जून को परिवार के लोग दिल्ली रिश्तेदारी में गए हुए थे। घर पर वह अकेला था। शाम करीब आठ बजे वह डेयरी से काम खत्म कर घर पर आया और खाना खाने के बाद सो गया। सुबह साढ़े पांच बजे उठा तो साथ वाला कमरा खुला हुआ था। अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से बेटी की शादी के लिए बनवाई सोने की चेन व अन्य सामान चोरी था। जांच करने पर सामने आया कि मकान की छत के रास्ते से चोर घर के अंदर घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उपायुक्त ने आमजन से किया आह्वान

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में करें अधिक से अधिक भागीदारी: डीसी

*21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला व खंड स्तर पर आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम, इससे पहले योग कार्यशालाएं व बच्चों, कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर किए जाएंगे आयोजित*



यमुनानगर। रानी लक्ष्मी बाई पार्क में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में योग करते हुए साधक। फोटो : हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन यमुनानगर द्वारा 21 जून को मनाए जाने जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जरूरी तैयारियां व प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिलेवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिए आहवान किया है। उन्होंने कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लोगों को अपना रजिस्ट्रेशन करवाए जाने के लिए अनुरोध किया है।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला यमुनानगर में अधिक से अधिक संख्या में योग कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सभी जिलावासी



जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

- योग कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करने को करवाएं रजिस्ट्रेशन।

खासकर युवा व खिलाड़ी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जरूर कर लें। उन्होंने बताया कि योग दिवस पर प्रातःकालीन सामूहिक योगाभ्यास, व्याख्यान के कार्यक्रम होंगे तथा इससे पहले योग को लेकर कार्यशालाएं व बच्चों, अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग दिवस के आयोजन का उद्देश्य योग के माध्यम से मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और योग प्रेमियों से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला में होने वाले जिला व खंड स्तरीय कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग द्वारा जिला के सभी लोगों, खिलाड़ियों, शैक्षणिक संस्थानों, अध्यापकों और विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन में अधिकतम संख्या में भाग लें व समय रहते ऑनलाइन अपना पंजीकरण अवश्य करें।

### योग से मिलती है शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक मजबूती: डॉ. भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- जिला आयुष विभाग द्वारा शहर के रानी लक्ष्मीबाई पार्क में आयोजित किया योगाभ्यास कार्यक्रम।
- आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावना चौधरी ने की योगाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रुप से मनाए जाने को लेकर जिला आयुष विभाग द्वारा शहर के रानी लक्ष्मीबाई पार्क में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य योग थीम के तहत योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावना चौधरी ने की। मौके पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया भी मौजूद रही। योगाभ्यास कार्यक्रम में आयुष अधिकारी डॉ. भावना चौधरी व योग सहायक पुष्कर पंथ ने साधकों को ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन समेत अनेक योग क्रियाएं करवाई।

आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावना चौधरी ने साधकों को समझाया कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी से लोग तनाव, चिंता, मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और अन्य बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में योग वरदान की तरह काम करता है। योग करने से रोगों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पाचन तंत्र मजबूत बनाता है। आजकल के युवा अपने स्वास्थ्य की ओर बहुत कम ध्यान देते हैं। मोबाइल, इंटरनेट और व्यस्त जीवन शैली के कारण वे शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। लेकिन अगर रोजाना केवल आधा घंटा भी योग अभ्यास करें तो हम शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से शांत और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होंगे। योग शिविर में वार्ड पार्षद विक्रम राणा, महेश पाल शर्मा, डॉ. गुरनाम सिंह, नरेंद्र गोयल, महावीर सैनी, प्रवीण, सोमनाथ, विजय कुमार, शिवानी शर्मा, कुसुम, ममता राणा समेत सैकड़ों प्रतिभागियों ने बडे उत्साह के साथ योग प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।



## विश्वास की सुगंध जीवन को प्रदान करती है अलौकिक आनंदः भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को अध्यात्म का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि आध्यात्म के कुछ गूढ़ सूत्र हैं। जिनमें संशय और विश्वास दोनों ही हमारे अंतःकरण की अवस्थाएं हैं। अंतर केवल इतना है कि अन्तःकरण की तामसिकता संशय को जन्म देती है और सात्विकता विश्वास को प्रकट करती है। हमारी आत्मा सच्चिदानन्द स्वरूप एवं परम आनंद स्वरुप परमपिता परमात्मा का अंश है। जिसमें श्रद्धा, विश्वास व समर्पण जैसे गुण सुषुप्त रूप से विद्यमान हैं। लेकिन हमारी आत्मा के इन दिव्य गुणों पर कलियुग और माया का आवरण तब तक पड़ा रहता है जब तक आत्मा को अपने वास्तविक स्वरूप की पहचान नहीं होती है। जब जीवन में एक पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ गुरू ब्रह्मज्ञान के द्वारा अपने शिष्य के प्रारब्ध और संचित कर्मों की मलिनता को साफ करके उसकी आत्मा का परिचय परमात्मा के प्रकाश स्वरूप से करवाते हैं। तब शिष्य के सुषुप्ति में पड़े हुए सद्गुण अंत करण से उघड़ कर उसके व्यक्तित्व में झलकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को समझाते हुए कहते हैं कि मानव के सम्पूर्ण जीवन को प्रभावित करने वाले तीन गुण होते हैं। सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण मनुष्य के जीवन के वो आधार हैं जिन पर उसके जीवन की सभी क्रियाएं और प्रतिक्रियाएं निर्धारित होती हैं। जब मनुष्य निरंतर ध्यान साधना करते हुए इन गुणों को अपने आत्म बल और परमात्मा में विश्वास के द्वारा संतुलित कर के अपने जीवन में उतारना सीख लेता है तब उसका जीवन औरों के लिए भी सुखदायी एवं कल्याणकारी हो जाता है। जब तक आत्मा के ऊपर तमोगुण का आवरण पड़ा रहता है तब तक आत्मसाक्षात्कार असंभव है। भारती ने फरमाया कि यदि लौकिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो विश्वास हमारे सांसारिक संबंधों को निभाने के लिए अति आवश्यक है । संशय की एक चिंगारी हमारे कई वर्षों के जुड़े हुए संबंधों को भी तोड़ने के लिए पर्याप्त है। ये मन का विश्वास ही होता है जो एक हारे हुए मनुष्य को पुनः खड़ा कर के उसे विजयश्री दिला देता है। मगर एक संशयग्रस्त मनुष्य चिंता, तनाव और कई प्रकार के कष्टों का सामना करते हुए स्वयं ही अपने जीवन की हानि करता है।

# पूर्व शिक्षा मंत्री को किया सम्मानित

- सिख समाज ने स्कूलों में पंजाबी विषय को अनिवार्य करने पर आयोजित किया कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के विष्णु गार्डन स्थित गुरुद्वारा साहिब में रविवार को सिख समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल को उनके कार्यकाल में पंजाबी विषय को अनिवार्य विषय बनाए जाने के लिए स्मृतिचिन्ह, सिरोपा व कृपाण भेंटकर सम्मानित किया गया है। पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने उन्हें सम्मानित करने पर पूरे सिख समाज का आभार प्रक्ट किया है।

पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा में पंजाबी भाषा को अनिवार्य विषय के रूप में लागू करवाना उनकी प्राथमिकता रही है। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा मंत्री रहते हुए कक्षा 6 से कक्षा 8 में सिख धर्म के गुरु साहिब जी के इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करवाया।



यमुनानगर। जगाधरी में विष्णु गार्डन स्थित गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल को सम्मानित करते हुए सिख समाज के सदस्य।

उन्होंने कहा कि स्कूलों के पाठयक्रम में भारत के महापुरुषों व गुरुओं का इतिहास शामिल करवाने से हमारे विधार्थियों को अपने महापुरुषों पर गर्व की अनूभूति होती है। अपने इतिहास की सच्चाई का पता चलता है कि हमारे गुरुओं ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान किया है।

इस मौके पर सविंदर सिंह, सुरमुख सिंह, जसविंदर सिंह, कुलजीत सिंह, प्रद्युमन सिंह लाड्डी, गुरुचरण सिंह, प्रद्युमन सिंह सहगल , मनविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, डॉ. गोपाल, निश्चल चौधरी, राहुल गढ़ी व कपिल मनीष गर्ग इत्यादि भी मौजूद रहे।



### प्रेम और लगाव आत्मा का मूलस्वभाव

**रादौर।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट ने रविवार को रादौर की पंजाबी धर्मशाला में मां जगत जननी दुर्गा व सतगुरु देव श्री शक्तिपुत्र महाराज की महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालु सुमन व श्रृति चमरौडी ने गुरुवर के व मां के जयकारे लगवाए। बीरबल ने मंच का संचालन किया। महाआरती के शुभारंभ से पहले तीन तीन बार शंखनाद किया। प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र मेहता ने कहा कि हम जब तक आत्मा के स्वभाव को जानेंगे नहीं, समझेंगे नहीं तब तक हम सत्य को नहीं पकड़ पाएंगे। जब तक हम आत्मा के रूप, रंग, स्वभाव के बारे में नहीं जानेंगे तब तक हम आत्मा का जीवन नहीं जी पाएंगे। आत्मा का मूल स्वभाव प्रेम और लगाव होता है। जब बच्चा जन्म लेता है तो उसको जन्म से कोई नहीं समझाता कि उसकी मां कौन है। उस बच्चे का बचपन से ही अपने मां के प्रति प्रेम और लगाव हो जाता है। इस तरह आत्मा प्रकृतिसत्ता का अंश है।

- भगवती मानव कल्याण संगठन ने पंजाबी धर्मशाला में मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन

### महिला 8 वर्षीय बेटे व 5 वर्षीय बेटी के साथ लापता

**यमुनानगर।** गांव मारूपुर से एक महिला अपनी पांच वर्षीय बेटी तथा आठ वर्षीय बेटे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने उनके लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

गांव मारूपुर निवासी संजीव कुमार ने जठलाना थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह 27 मई को अपने काम पर गया था। घर पर उसकी पत्नी कुसुम, बेटी अदिति तथा बेटा यस मौजूद थे। जब वह कम से वापस लौटा तो तीनों घर पर नहीं मिले। उसने अपनी पत्नी व बच्चों की काफी तलाश की लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चला। परेशान होकर उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है।



### निःशुल्क नवीन स्वास्थ्य जांच एवं संकल्प शिविर में जांचा मरीजों का स्वास्थ्य

**रादौर।** नवीन जिंदल फाउंडेशन ने गांव गोलनपुर व रोड़ छप्पर में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैंकड़ो लोगों को स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां दी गई। इस दौरान दर्जन भर लोगों के रक्त के नमुने लेकर व यूरिन की जांच की गई। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य की जांच के लिए सांसद द्वारा स्वास्थ्य अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम गांव गांव जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां दे रही है। इसी कड़ी में गांव गोलनपुर व रोड़ छप्पर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैंकड़ो लोगों के स्वास्थ्य की चिकित्सकों ने जांच की और उन्हें मुफ्त में दवाइयां दी गई।

- नवीन जिंदल फाउंडेशन ने गोलनपुर व रोड़ छप्पर लगाए कैंप।

# अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



- भाकियू (चढ़ूनी) ने अन्ना हजारे का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

भाकियू (चढ़ूनी) ने रविवार को केक काटकर अन्ना हजारे का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकियू के जिला प्रधान संजू गुंदियाना ने की।

उन्होंने कहा कि किसान बाबूराव हजारे जिन्हें आज हम अन्ना हजारे के नाम से जानते हैं। 15 जून 1937 को जन्में वह भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता हैं। रालेगन सिद्धि नामक गांव के विकास के लिए जाने जाते हैं। अन्ना हजारे ने वर्ष 2011 के भारतीय भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में एक बड़ी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय सेना में भी काम किया है। अप्रैल 2011 में उन्होंने भ्रष्टाचार पर उनकी मांगों को स्वीकार करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की गई। जिसके दबाव में सरकार ने बाद में उनकी मांगों को स्वीकार कर उनका उपवास समाप्त कर दिया। अगस्त 2011 में उन्होंने एक और भूख हड़ताल शुरू कर दी। इस बार वह सरकार को एक जन लोकपाल विधेयक पारित करना चाहते थे। अन्ना हजारे द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध चलाई गई मुहिम के कारण ही आज देश के लोग भ्रष्टाचार के विरूद्ध एकजुट हुए हैं। जिसका श्रेय अन्ना हजारे को जाता है।

### रोटरी क्लब ने मनाया विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरुकता दिवस

# बुजुर्गों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकना जरूरी: डॉ. सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब रादौर के सदस्यों द्वारा रविवार को कस्बा में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरुकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में रोटरी क्लब के मुख्य सलाहाकार डॉ. एससी सैनी ने भाग लिया।

डॉ. एससी सैनी ने कहा कि आज विश्वभर में बुजुर्गों के साथ हो रहे अत्याचार और अनदेखी के प्रति जागरुकता के लिए दुनियाभर में इस दिवस को मनाने की शुरुआत हुई है। दुनिया भर में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस मनाने की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव 66 (127) के परिणामस्वरूप की गई थी। जिसे लाने का सबसे बड़ा कारण था दुनिया में बुजुर्गों के साथ हो रही अनदेखी और उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकना। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक सर्वे में सामने आया है कि दुनिया भर में बुजुर्गों के साथ हो रही अनदेखी और दुर्व्यवहार की सबसे बड़ी वजह सोशल मीडिया है। आजकल लोग सोशल मीडिया पर इतने व्यस्त हो रहे हैं कि वह कभी घर के बुजुर्गों से बात ही नहीं करते। जिससे वह न तो कभी उनसे जुड़ाव महसूस करते हैं और न ही उनके अस्तित्व से उन्हें कोई मतलब होता है। जिसके चलते दुनिया भर में बुजुर्गों के साथ अनदेखी के मामले बढ़े हैं। वहीं, बात करें भारत देश की तो इस देश में कभी माता पिता के चरणों में स्वर्ग माना जाता था। लेकिन आज देखा जाए तो कुछ और ही नजारा देखने को मिल रहा है। अब लोग बुजुर्गों को अपना सबसे बड़ा बोझ समझने लगे हैं। यही कारण है कि आज के समय में बुजुर्गों के साथ सबसे ज्यादा दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आ रही हैं और ओल्ड एज होम में बुजुर्गों की संख्या बढ़ती जा रही है। हाल ही में सामने आए एक सर्वे में सामने आया है कि करीब 35 प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं जो अपने माता पिता के साथ नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि वह या तो अपने माता पिता से अलग रहते हैं या फिर उन्हें ओल्डएज होम में छोड़ आते हैं। एक सर्वे के मुताबिक लगभग एक चौथाई बुजुर्ग आबादी को व्यक्तिगत उत्पीड़न झेलना पड़ता है। एक अन्य सर्वे के अनुसार घरों में दुर्व्यवहार के शिकार 82 फीसदी बुजुर्ग ऐसे हैं जो परिवार कारणों से शिकायत नहीं करते हैं या फिर हमेशा यही सोचते रह जाते हैं कि शायद एक दिन उनका रवैया बदल जाएगा।

### छबील लगा राहगीरों को पिलाया ठंडा जलजीरा

**रादौर।** युवा ब्राह्मण सभा रादौर द्वारा कस्बा के बस स्टैंड पर ठंडे मीठे जलजीरा की छबील लगाई गई। इस दौरान सभा के सदस्यों ने सुबह से लेकर शाम तक राहगिरों को ठंडा मीठा जलजीरा पिलाकर पुण्य कमाया। सभा के प्रधान सुमित पंडित ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम में गर्मी की तपिश व उमस बनी हुई है। लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए सभा द्वारा ठंडे मीठे जलजीरे की छबील का आयोजन किया गया। छबील पर सुबह दस बजे से लेकर शाम चार बजे तक बस स्टैंड पर पहुंचने वाले यात्रियों व सड़क से गुजरने वाले हजारों राहगिरों को ठंडा मीठा जलजीरा पिलाकर पुण्य कमाया गया। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। प्रधान सुमित ने बताया कि युवा ब्राह्मण सभा द्वारा समाज कल्याण के कार्य सभी सदस्यों के सहयोग से किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सचिव गगन शर्मा, एडवोकेट अजय शर्मा , एडवोकेट राकेश शर्मा,अनिल शर्मा पम्मी, गौरव शर्मा व अभिषेक शर्मा मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य स्तरीय योग मैराथन को दी हरी झंडी

# प्रदेश को योग युक्त-नशा मुक्त बनाने के लिए योग मैराथन बनी एक संकल्प यात्रा : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर योग मैराथन एक संकल्प यात्रा बनी है। इस संकल्प यात्रा में प्रदेश भर से हजारों युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने जोश और खरोस के साथ दौड़ लगाकर एक नए आयाम को स्थापित किया है। इस सरकार ने भी संकल्प लेकर राष्ट की संपत्ति युवा वर्ग को नशे से बचाने के लिए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाने का प्रयास किया है। इस प्रदेश के होनहार युवा नशे की चपेट में आ जाए तो उनका शरीर खराब होता ही है, साथ में राष्ट्र की संपत्ति को भी नुकसान होता है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से पहले चलाए गए अभियान में अब तक प्रदेश के 19.27 लाख लोग जुड़ चुके हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को ब्रह्मसरोवर के दक्षिण गेट पर हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन में सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,महानिदेशक संजीव वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी व उपायुक्त नेहा सिंह ने राज्य स्तरीय योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं योग मैराथन के धावकों पर पुष्प वर्षा भी की है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की राज्य स्तरीय योग मैराथन में महिलाओं और पुरुष वर्ग के विजेता 20 धावकों को पुरस्कार के रूप में 3 लाख 46 हजार रुपये के नकद पुरस्कार वितरित किये। इस योग मैराथन में प्रथम आने वाले गौरव और सोनीपत की मोनिका को 51 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। इस योग मैराथन में हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर नशा के खिलाफ चल रहे यज्ञ में आहुति डालने का काम किया है।


कुरुक्षेत्र। विजेता को सम्मानित करते पूर्व मंत्री सुभाष सुधा।

### गौरव ने पुरुष वर्ग और मोनिका ने महिला वर्ग में जीती राज्य स्तरीय योग मैराथन

*कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की योग मैराथन 2025 में प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने का काम किया है। इस नए अध्याय के लिए प्रदेश के कोने-कोने से हजारों युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सपने को साकार करने के लिए योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा के थीम पर 5 किलोमीटर की दौड़ लगाई। इस मैराथन की महिला वर्ग में सोनीपत की मोनिका प्रथम, भिवानी की सोनिका द्वितीय, कुरुक्षेत्र की अंजलि तृतीय स्थान पर रही। उन्होंने कहा कि पुरुष वर्ग में गौरव प्रथम, सोनीपत का रोहित द्वितीय, महेन्द्रगढ़ का मोहित यादव तृतीय, चरखी दादरी से मोहन चौथे स्थान पर रहा।*

### इंग्लैंड के साथ मिलकर मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सवः सीएम

- मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों से की बातचीत

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार इंग्लैंड के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव को मनाया जाएगा। हर वर्ष अलग-अलग देश में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस बार गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज इंग्लैंड में इसी विषय पर चर्चा के लिए गए हैं। हर बार अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में अलग देश को शामिल किया जाता है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर राष्ट्रीय गीता जयंती कार्यक्रम में लाखों की संख्या में पहुंचते हैं। इस पवित्र ग्रंथ गीता को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को ब्रह्मसरोवर पर हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में ब्रह्मसरोवर पर आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन के ऐतिहासिक और सफल आयोजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता पहले कांग्रेस से तंग थी और अब आम आदमी पार्टी से महातंग हो चुकी है। इन दोनों सरकारों से तंग होने के बाद जनता ने अब पंजाब में भी कमल खिलाने का मन बना लिया है, क्योंकि दोनों की पार्टियों ने पंजाब की जनता को सिर्फ सजगबाग दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने केवल खुद के विकास के लिए काम किया है। उन्होंने जनता के बारे में कुछ करना तो दूर उनके बारे में अच्छा सोचा तक नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के राज की कानून व्यवस्था को भलीभांति जानती हैं। अब प्रदेश में कानून व्यवस्था सुधीर है। जहां भी कानून व्यवस्था का उल्लंघन होता है, वहां पर पुलिस जांच करके आरोपी के खिलाफ सख्त एक्शन लेती है।


कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## अनुसूचित जाति सब-प्लान के लिए एक विशेष एक्ट बनाया जाएः रीना

- ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा ने अनुसूचित जातियों के लिए बजट आवंटन की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा ने प्रदेश सरकार से अनुसूचित जातियों का विकास सुनिश्चित करने के लिए जनसंख्या के अनुपात में बजट आवंटन की मांग की है। महासभा की प्रदेश अध्यक्ष, सुश्री रीना वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से रुख करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति सब-प्लान के लिए एक विशेष एक्ट बनाया जाए। उन्होंने कहा कि इस एक्ट के माध्यम से संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार बजट का आवंटन किया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अनुसूचित जातियों के लिए आवंटित 100% धनराशि केवल उनके विकास पर खर्च की जाए। रीना वाल्मीकि ने सरकार पर आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार की दलितों के प्रति मंशा सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की स्कॉलरशिप हड़प ली है और विकास के लिए आवंटित बजट को जानबूझकर अन्य कार्यों में डायवर्ट किया है। महासभा ने यह भी कहा कि यदि कोई अधिकारी इस फंड को अन्य कार्यों के लिए डायवर्ट करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है।


रीना वाल्मीकि।



### कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का मनाया जन्मदिन

कुरुक्षेत्र। महर्षि वाल्मीकि आश्रम थानेसर में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। समाज के अग्रणी बच्चे जिन्होंने 10 वीं कक्षा व 12 वी कक्षा में 80% से ज्यादा अंक हासिल किए इस अवसर पर सम्मानित किया गया। प्रधान जगीर सिंह ने कहा कि कृष्ण बेदी वाल्मीकि समाज के ही नहीं बल्कि 36 बिरादरी के नेता है बेदी साहब 24 घंटे हमेशा विकास की बात सोचते और करते है। शिव कुमार महासचिव वाल्मीकि सभा ने कहा कि बेदी हमारी आन,बान,शान और पहचान है। मंत्री के संरक्षण में समाज विकास की राह पर चल रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने आश्रम में बन रहे मंदिर निर्माण में लगातार सहयोग करने का वादा किया और अभी चल रहे निर्माण कार्य के लिए 11 लाख की राशि देने की घोषणा की गई। इस अवसर वरिष्ठ उपप्रधान राम नाथ मंडल, उपप्रधान यशपाल नंबरदार आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर : डॉ. हिमांशु

### विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर लगाया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से गांव दुधला के सामुदायिक केंद्र में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ ब्रेन एंड स्पाइन न्यूरोसर्जन डॉ.हिमांशु जैन ने कहा कि बुजुर्ग किसी भी समाज की जड़ें होते हैं। तनाव, अवसाद, हाइपरटेंशन, नींद न आना और तंत्रिका संबंधी रोग ऐसे ही दुर्व्यवहार की देन हो सकते हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने बुजुर्गों को स्नेह,सम्मान व स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करें। शिविर के संयोजक डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में 2009 वॉ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ.संजय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सहज उपलब्धता आज भी एक बड़ी चुनौती है। स्वास्थ्य शिविर में 107 रोगियों की विभिन्न जांचें की गईं, जिसमें ब्लड शुगर, प्लस रेट,हीमोग्लोबिन आदि की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। ग्रामीणों को घर द्वार पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सराहनीय व अनुकरणीय पहल है।


कुरुक्षेत्र। ग्रामीणों का स्वास्थ्य चेकअप करते चिकित्सक।



### छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

कुरुक्षेत्र। गांव अमीन में भगवान वाल्मीकि मंदिर के सामने वाल्मीकि समाज के युवाओं ने मीठे पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाया। मीठा शर्बत और जल पिलाने की सेवा मास्टर कृष्ण लौहट, मास्टर बाबु राम, सतीश, सोनू, विक्की लौहट अमीन ने की। मास्टर कृष्ण लौहट ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को पानी पिलाने से बड़ी कोई सेवा नहीं है। सभी समर्थ लोगों व संस्थाओं को गर्मी के मौसम में इस तरह से पानी की छबील लगानी चाहिए। विपिन गुप्ता ने कहा कि उनके द्वारा छबील लगाने के पीछे मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में आने-जाने वाले लोगों को मीठा पानी पिलाकर उन्हें गर्मी से राहत दिलाना है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को मीठा पानी पिलाना एक पुण्य का कार्य है और इससे इन्द्र देवता भी प्रसन्न होते हैं।

## पॉलिथीन का उपयोग बंद करके प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें

*पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हरित भारत, हरित धरा अभियान के अंतर्गत पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आई हेट पॉलिथीन मुहिम की राष्ट्रीय संयोजिका पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रोफेसर वनिता ढींगरा व प्रो. प्रोमिला ने कहा कि प्रकृति ने हमें वे सभी संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं, जो एक सुखी जीवन के लिए आवश्यक हैं। हमें बिना किसी मूल्य के प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए, यह हमारा कर्तव्य है कि हम पॉलिथीन का उपयोग बंद करके प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल व वालंटियर जय कुमार ने वहा पर उपस्थित सभी को पोलीथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर तेजस मित्तल, नीरू देवी, सुनीता देवी, मीना, रेखा, वॉलंटियर अक्ष्य जैन व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


कुरुक्षेत्र। पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने की शपथ दिलाते आयोजक।

## तुषार सैनी की नियुक्ति हर कार्यकर्ता को पंख लगाएगी : सूरजभान कटारिया

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया कोआर्डिनेटर के पद पर तुषार सैनी की नियुक्ति पार्टी संगठन में कार्य कर रहे हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने के अवसर और नई उड़ान के लिए पंख लगाने का कार्य करेगी। आज कुरुक्षेत्र अपने कार्यालय में तुषार सैनी को मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं देते हुए सूरज भान कटारिया ने कहा है की पार्टी में कार्य कर रहे हर कार्यकर्ता का सपना होता है कि वह मंडल, जिले और प्रदेश योजना में कार्य करें इसके बाद कार्यकतार्ओं की मेहनत से बनने वाली सरकार में रहकर भी जन सेवा के कार्य को आगे बढ़ाएं। तुषार सैनी की नियुक्ति हर कार्यकर्ता में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी की साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को आगे बढाती है।


कुरुक्षेत्र। तुषार सैनी को मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं देते हुए सूरज भान कटारिया।

## महारानी लक्ष्मीबाई अद्भुत शौर्य का प्रतीकः लक्ष्मी देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- मानव मित्र मंडल ने नारीशक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह का किया आयोजन

महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर मानव मित्र मंडल ने नारी शक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह का आयोजन एक निजी स्कूल में किया। मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रो. राम रतन शर्मा के आशीर्वाद से आयोजित इस समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि साध्वी लक्ष्मी देवी, अध्यक्षा ममता शर्मा एवं मानव मित्र मण्डल के वरिष्ठ सदस्यों ने महारानी लक्ष्मी बाई के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र की ओर से समाजसेवी नारी शक्ति ममता सूद, हिमशिखा, एकजोत कौर, सुदेश कुमारी, निर्मल दहिया, मोनिका शर्मा, सिम्मी गुप्ता, दिव्या, विशाखा, राजबाला, गुरजिंदर कौर, डॉक्टर अर्चना शर्मा एवं बहन अमर आदि को नारी शक्ति सम्मान एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यूपीएससी परीक्षा 2024 में 245वां रैंक प्राप्त करने वाले कुरुक्षेत्र निवासी साहिल धनखड़ एवं डॉ कनन शर्मा को विशेष सम्मान देकर अलंकृत किया गया। मुख्य अतिथि साध्वी लक्ष्मी देवी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज महिलाएं अत्याचार एवं शोषण का शिकार हो रही है। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम पूरी दुनिया की मातृशक्ति के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। मंडल की उपाध्यक्ष डॉ अनीता गोयल ने संस्था का संक्षिप्त परिचय प्रदान किया और मंडल की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।





कुरुक्षेत्र। रक्तदाता को सम्मानित करते आयोजक।

### पितृ दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

कुरुक्षेत्र। झांसा गांव मै आई हैल्प ग्रुप द्वारा अग्रवाल धर्मशाला मे पितृ दिवस एंव वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कैंप में डाक्टर विश्वजीत की अगुवाई में जी. एम. सी .एच सेक्टर 32 की टीम रक्त एकत्रित करने के लिए पहुंची। इस मौके पर 93 रकतदाताओ ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में गांव झाँसा के सरपंच पवन गाबा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि रक्तदान का कार्य सबसे महान है, इससे बढ़कर कोई दान नहीं क्योंकि एक व्यक्ति द्वारा किया रकतदान तीन लोगों की जिन्दगी बचाता है। कैम्प में आए सभी अतिथियों को पौधा देकर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। कैंप के इंचार्ज के रूप में भवदीप मॉड और साहिल जसूजा ने कार्यभार संभाला। उपप्रधान परविंदर सिंह ने कहा कि ग्रुप निरन्तर रक्तदान के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान दे रहा है। इस मौके पर मै आई हैल्प यू ग्रुप टीम के सदस्य करन कटारिया, मलकीत सिंह, वरून जसूजा, अकी राय, संजीव गर्ग, डॉक्टर संत, बिट्टू अनेजा आदि मौजूद रहे।

### विमान दुर्घटना अत्यंत दुःखद : महामंडलेश्वर स्वामी विद्यागिरि

कुरुक्षेत्र। भारत से लंदन जा रहे विमान को अपने गंतव्य से प्रस्थान करने के 15 किमी पर दो मिनट उपरांत ही एक मेडिकल कॉलेज पर विमान क्रैश की इतनी भीषण दुर्घटना में परिवर्तित हो गया जिसमें विमान में पायलट, क्रू सदस्य व यात्रियों के अलावा जिस मेडिकल कॉलेज प्रांगण में गिरने से अनेक डाक्टर, मेडिकल छात्र- छात्राओं एवं मेडीकल स्टाफ आदि पर अचानक आये मौत के आगोश में आने से षडदर्शन साधुसमाज अत्यन्त आहत है। संत महामंडल की संरक्षक महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि महाराज ने विमान क्रैश होकर मेडीकल कॉलेज पर गिरने में हुई मानवीय क्षति पर संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की है कि उन्हें अपने धाम में शांति प्रदान करें व शोक संतप्त परिजनों को इस हृदयविदारक घटना व बहुत ही असहनीय पीड़ाओं को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।


कुरुक्षेत्र। जननायक जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरूआत करते अतिथिगण।

### जजपा ने की सदस्यता अभियान की शुरूआत

कुरुक्षेत्र। जननायक जनता पार्टी ने पार्टी सदस्यता अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि हज कमेटी चेयरमैन मोहसिन चौधरी एवं पूर्व विधायक खरखोदा रमेश खटक रहे और मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने की। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह खेहरा, जिला प्रवक्ता शेखर डोगरा, राजेश पायलट, सरथ तिवारी, अशोक शर्मा, सैनिक सेल के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, हल्का लाडवा अध्यक्ष विनोद शर्मा, प्रदीप जज, गुलशन प्रजापत व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी प्रभारी मोहसिन चौधरी एवं रमेश खटक ने बताया कि आज पार्टी ने पूरे हरियाणा में एक साथ सदस्यता अभियान की शुरूआत की है और पार्टी की रूप रेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि पार्टी का आधार पार्टी के सदस्यों पर ही होता है। पार्टी के जिला प्रभारी ने अपने सम्बोधन में कार्यकतार्ओं को पार्टी की रीढ़ की हड्डी बताया। कुलदीप जखवाला ने कहा कि पार्टी के सदस्य अभियान में सभी हल्का प्रधान सभी कार्यकतार्ओं के पास जाकर सदस्य बनाने का काम करे और पार्टी को मजबूत करे। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक हल्का अध्यक्ष थानेसर योगेश शर्मा ने पूर्व वीसी अजमेर सिंह मलिक का अनुशासन समिति के अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया।

**सफलता** नीट 2025 परीक्षा में आकाश इंस्टीट्यूट के 30 विद्यार्थियों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

## कुरुक्षेत्र के मनन ने हासिल की ऑल इंडिया रैंक 636

- यह उपलब्धि छात्रों की कठोर परिश्रम का फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 में अपने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की घोषणा की है। संस्थान में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एकेडमिक हैड मेडिकल पूजा वर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र केंद्र से कुल 30 छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंक प्राप्त की है। यह उपलब्धि छात्रों की कठोर परिश्रम, अनुशासित अध्ययन पद्धति और एईएसएल द्वारा प्रदत्त उच्चस्तरीय शिक्षण एवं मार्गदर्शन का प्रतिफल है। एकेडमिक हैड इंजीनियरिंग हिमांशु पारिक व ब्रांच मैनेजर राजीव ने बताया कि इस वर्ष, कुरुक्षेत्र के मनन ने ऑल इंडिया रैंक 636 प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अन्य प्रमुख रैंक धारकों में अलीश सैनी ऑल इंडिया रैंक 1194, काम्या गांधी ऑल इंडिया रैंक 2684, मोहित चौहान ऑल इंडिया रैंक 2693, पारस बेनीवाल ऑल इंडिया रैंक 2830, ऋतिक ऑल इंडिया रैंक 2866 और भूपेश ऑल इंडिया रैंक 3587 शामिल हैं। सीनियर फकैल्टी मनोज भट्ट ने बताया कि ये सभी छात्र एईएसएल के क्लासरूम कार्यक्रम से संबद्ध थे, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की चुनौतीपूर्ण परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है। वहीं छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था द्वारा दी गई सुदृढ़ शैक्षणिक नींव, अवधारणात्मक स्पष्टता और नियमित अध्ययन अनुशासन को दिया है। संस्थान के रीजनल डायरेक्टर डॉ. सुरेन्द्र चौहान ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हमारे छात्रों ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि समर्पित परिश्रम, सटीक मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से असंभव को भी संभव किया जा सकता है। हम सभी छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। गौरतलब है कि नीट यूजी परीक्षा प्रति वर्ष नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाती है। यह परीक्षा भारत में मेडिकल (एमबीबीएस), डेंटल (बीडीएस) तथा आयुष (बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस आदि) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अनिवार्य है, साथ ही यह विदेशों में प्राथमिक चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए भी मान्य है।


कुरुक्षेत्र। विजयी चिह्न बनाकर खुशी का इजहार करते विद्यार्थी।

